| Publications | Editions | Published On |
|---|---|---|
| Nafa Nuksan | Jaipur | 11-08-2021 |

# आर एस डब्लू एम लिमिटेड

RSWM Limited
an LNJ Bhilwara Group Company

**सीआईएन: L17115RJ1960PLC008216**

**पंजीकृत कार्यालयः** खारीग्राम, पोस्ट गुलाबपुरा, जिला भीलवाड़ा-311021, राजस्थान
फोन: +91-1483-223144 से 223150, 223478, फैक्स: +91-1483-223361, 223479
**कॉर्पोरेट कार्यालय** : भीलवाड़ा टॉवर्स, ए-12, सेक्टर-1, नोएडा-201301 (उ.प्र.)
फोन: +91-120-4390300 (EPABX), फैक्स: +91-120-4277841
ईमेल: rswm.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाइट: http://www.rswm.in

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित होने वाली आर एस डब्ल्यू एम लिमिटेड की 60वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आर एस डब्ल्यू एम लिमिटेड (**"कम्पनी"**) की 60वीं वार्षिक आम बैठक (**"एजीएम"**) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (**"वीसी"**)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (**"ओएवीएम"**) के माध्यम से बुधवार, 15 सितम्बर, 2021 को अपराह्न 2:00 बजे 60वीं एजीएम की आहूत सूचना, जो उपयुक्त समय पर प्रेषित किया जाएगा, में निहित व्यवसाय के सम्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक का स्थान खारीग्राम, पी. ओ. गुलाबपुरा – 311 021, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान माना जाएगा।

सदस्य ध्यान दें कि जारी कोविड–19 महामारी के दृष्टिकोण से, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (**"एमसीए"**) ने अपने परिपत्र सं. 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021 के साथ पठित परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, उसके पश्चात् परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (**"सेबी"**) ने भी अपने परिपत्र SEBI/HO/CFD/ CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020 के साथ पठित परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांकित 15 जनवरी, 2021 (**"सामूहिक रूप से लागू परिपत्रों के रूप में संदर्भित"**) के हवाले से कैलेंडर वर्ष 2021 में कम्पनियों के एजीएम का आयोजन, आयोजन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (**"वीसी/ओएवीएम"**) के माध्यम से आयोजित करने की अनुमति दी है। अतः सदस्य एजीएम में मात्र वीसी/ओएवीएम के माध्यम से उपस्थित हो सकते एवं भाग ले सकते हैं। एजीएम में सम्मिलित होने के निर्देश एजीएम की सूचना में दिए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त, लागू परिपत्रों के अनुपालन में, 60वीं एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट केवल उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा भेजी जाएंगी जिनका ईमेल पता कम्पनी अथवा डिपॉजिटरी प्रतिभागी(ओं) के साथ पंजीकृत हैं। पूर्वोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.rswm.in, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट, अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर तथा एनएसडीएल (रिमोट ई–वोटिंग सुविधा प्रदान कराने वाली एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात् www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होंगे।

वे सदस्य, जिनका ईमेल पता कम्पनी या उनके सम्बद्ध डिपॉजिटरी प्रतिभागी/ओं के साथ पंजीकृत नहीं है, उनसे अनुरोध है कि नीचे दिए गए चरणों का पालन करके अपना ईमेल पता पंजीकृत करें:

क. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए, कृपया कम्पनी के आरटीए अर्थात् एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड (यूनिटः आर एस डब्ल्यू एम लिमिटेड), एफ–65, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–1, नई दिल्ली – 110020 को एक विधिवत हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र भेजें अथवा rswm.investor@lnjbhilwara.com अथवा admin@mcsregistrars.com/helpdeskdelhi@mcsregistrars.com पर ईमेल भेजें एवं ईमेल पता पंजीकृत करने हेतु निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज उपलब्ध करायें:

(क) फोलियो संख्या, (ख) शेयरधारक का नाम, (ग) ईमेल पता, (घ) पैन कार्ड की प्रति (स्व–सत्यापित), (ङ) आधार की प्रति (स्व–सत्यापित)

बैंक खाता विवरण अद्यतन करने के मामले में निम्नलिखित अतिरिक्त विवरण/दस्तावेज प्रदान करना वांछित हैः

(क) बैंक का नाम एवं शाखा जिसमें आप लाभांश प्राप्त करना चाहते हैं, (ख) बैंक खाता का प्रकार, (ग) बैंक खाता संख्या, (घ) एमआईसीआर कोड संख्या, (ङ) आईएफएससी कोड, तथा (च) प्रथम शेयरधारक के नाम वाले रद्द किए गए चेक की प्रति

ख. डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए, कृपया अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी/ओं के माध्यम से अपना ईमेल पता एवं बैंक खाता विवरण अद्यतन करें।

कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण पुस्तकें, कम्पनी की 60वीं वार्षिक आम बैठक के उद्देश्य से, बृहस्पतिवार, 9 सितम्बर, 2021 से बुधवार, 15 सितम्बर, 2021 (दोनों दिवस सम्मिलित) तक बंद रहेंगे।

भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्य अथवा जिन्होंने कम्पनी के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं है, वे रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अथवा बैठक के दौरान, एजीएम सूचना में दिए गए तरीके से, ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं।

कम्पनी एजीएम में संपादित किए जाने वाले व्यवसाय के संबंध में अपने सदस्यों को रिमोट ई–वोटिंग एवं एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करेगी। इस प्रयोजन हेतु, कम्पनी ने नेशनल सिक्योरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग की सुविधा हेतु अधिकृत एजेंसी के तौर पर व्यवस्था की है।

रिमोट ई–वोटिंग की अवधि रविवार, 12 सितम्बर, 2021 को (पूर्वाह्न 9:00 बजे) प्रारम्भ होगी और मंगलवार, 14 सितम्बर, 2021 को (अपराह्न 5:00 बजे) समाप्त होगी। **8 सितम्बर, 2021 की कट–ऑफ तिथि** के अनुसार, भौतिक रूप में या डीमैटेरियलाइज्ड रूप में शेयरों को रखने वाले सदस्य, इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इसके उपरान्त ई–वोटिंग मॉड्यूल को एनएसडीएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा। वे सदस्य, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हों और जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं हैं, एजीएम दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने हेतु पात्र होंगे।

वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभार्थियों के रजिस्टर में, **कट–ऑफ तिथि अर्थात् 8 सितम्बर, 2021** को दर्ज हो, मात्र वे ही रिमोट ई–वोटिंग या वार्षिक आम बैठक में वोट करने का पात्र होगा। डीमैटेरियलाइज्ड तौर पर, भौतिक तौर पर शेयर रखने वाले एवं जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, हेतु ई–वोटिंग की प्रणाली एजीएम की सूचना में प्रदान की जाएगी। ई–वोटिंग हेतु लॉगिन विवरण सदस्यों को उनके पंजीकृत ईमेल पते पर उपलब्ध कराया जाएगा।

किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में, सदस्य "http://www.evoting.nsdl.com" के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध सदस्यों हेतु फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चन (एफएक्यू) तथा सदस्यों हेतु एजीएम में भाग लेने तथा रिमोट ई–वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका संदर्भित कर सकते हैं अथवा टोल फ्री संख्याः 1800 1020 990 एवं 1800 22 44 30 पर कॉल कर सकते हैं। सदस्य कम्पनी को rswm.investor@lnjbhilwara.com पर लिखकर एवं ईमेल कर सकते हैं।

उपरोक्त जानकारी कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और लाभ के लिए जारी की जा रही है और एमसीए एवं सेबी के लागू परिपत्रों के अनुपालन में है।

**मंडल के आदेशानुसार**
**कृते आर एस डब्ल्यू एम लिमिटेड**

**सुरेन्दर गुप्ता**
**कम्पनी सचिव**
**सदस्यता संख्याः एफसीएस–2615**

**स्थानः नोएडा (उ.प्र.)**
**दिनांकः 10 अगस्त, 2021**